आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 02.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा की। धामों में क्षमता के अनुरूप दर्शन व्यवस्था के लिए एसओपी बनाने के निर्देश दिए।
- टिहरी जिले में देवप्रयाग के पास एक कार के नदी में समा जाने से तीन लोगों की मौत। चार अन्य लापता लोगों की तलाश जारी।
- पिथौरागढ़ जिले में लिपुलेख व्यापार मार्ग से भारत–तिब्बत सीमा व्यापार लगभग सात वर्षों के बाद फिर से शुरू होने जा रहा है। सीमांत क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल।
- चमोली जिले की नीति घाटी में आयोजित तीन दिवसीय 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का समापन।

चारधाम समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा की। उन्होंने चारों धामों में श्रद्धालुओं की संख्या के अनुरूप दर्शन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों पर रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मानसून अवधि के लिए सभी विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त मशीनरी, सैटेलाइट फोन, एम्बुलेंस और राहत–बचाव उपकरणों की अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी आपात स्थिति या मार्ग बंद होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

कार दुर्घटना

टिहरी जिले में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवप्रयाग के पास आज एक कार गहरी खाई में गिरकर नदी में समा गई। बचाव दल ने मौके से तीन लोगों के शव बरामद किए हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को अस्पताल भेजा गया है। चार अन्य लापता लोगों की तलाश के लिए एसडीआरएफ, पुलिस और जल पुलिस की टीमें नदी व आसपास के संभावित क्षेत्रों में सघन खोज अभियान चला रही है।

स्वनिधि महोत्सव

चम्पावत जिले के विभिन्न निकायों में स्वनिधि महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत निकायों में लोक कल्याण मेले और शिविरों का आयोजन कर पीएम स्वनिधि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि आज बनबसा से इस महोत्सव का शुभारंभ किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक रेहड़ी–पटरी वालों को योजना का लाभ दिलाना है।

वहीं, लक्ष्मी ने बताया कि स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे काफी लाभ मिला है।

खेल मंत्री

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज हल्द्वानी गौलापार स्थित प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। वन विभाग से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद खेल मंत्री पहली बार प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परिसर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने परिसर के लिए चल रहे समतलीकरण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय, प्रदेश के खेल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। श्रीमती आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के चलते यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब धरातल पर उतर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि खेल विश्वविद्यालय उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लिपुलेख व्यापार

पिथौरागढ़ जिले में स्थित ऐतिहासिक लिपुलेख व्यापार मार्ग से भारत–तिब्बत सीमा व्यापार लगभग सात वर्षों के बाद फिर से शुरू होने जा रहा है। इससे सीमांत क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बताया कि विदेश मंत्रालय द्वारा व्यापार संचालन के लिए आवश्यक ट्रेड परमिट जारी कर दिए गए हैं तथा उनका वितरण व्यापारियों और उनके सहायकों को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीमा व्यापार के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। व्यापार कार्यालय और कस्टम कार्यालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं स्थापित कर दी गई हैं। वहीं, व्यापार अधिकारी और धारचूला के उप जिलाधिकारी आशीष जोशी ने बताया कि धारचूला में ट्रेड कार्यालय का उद्‌घाटन किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले ही दिन करीब 15 व्यापारियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और आवेदन प्रक्रिया लगातार जारी है।

अल्ट्रा रन समापन

चमोली जिले की नीति घाटी में आयोजित 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' का आज समापन हो गया। अंतिम दिन गमसाली से मलारी के बीच आयोजित 30 किलोमीटर एमटीबी–माउंटेन बाइकिंग चैलेंज प्रतियोगिता में देशभर से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में खरिकसिंग अडॉनिस तांगपू पहले स्थान पर रहे, जबकि सूरज राणा मगर ने दूसरा और प्रकाश थापा मगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, महिला वर्ग में अवनी डरियाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। संध्या मौर्या दूसरे और इंद्रा कुमारी तमांग तीसरे स्थान पर रहीं। पर्यटन विभाग द्वारा भारतीय सेना और आईटीबीपी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन में देश के 27 राज्यों से आए एक हजार 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और युवाओं में फिटनेस एवं साहसिक खेलों के प्रति जागरूक करना है। पूरे आयोजन के दौरान नीति घाटी खेल, साहस, संस्कृति और पर्यटन गतिविधियों का जीवंत केंद्र बनी रही।

जिला योजना समीक्षा

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने वित्तीय वर्ष 2026–27 की जिला योजना संरचना को लेकर आज आयोजित समीक्षा बैठक में सभी विभागों को जनहित आधारित, व्यावहारिक और नवाचारयुक्त योजनाएं प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों और प्रस्तावों को शामिल करते हुए जिले के संतुलित व समग्र विकास को ध्यान में रखकर जिला योजना संरचना तैयार की जाए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग को कम से कम एक अभिनव और स्थायी परियोजना को जिला योजना में अनिवार्य रूप से शामिल करने तथा उसके अपेक्षित परिणामों की विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।